# राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
## (भारत सरकार का उपक्रम)

NHIDCL अवसंरचना निर्माण– राष्ट्र निर्माण

भारतमाला | आज़ादी का अमृत महोत्सव

कॉरपोरेट कार्यालयः प्रथम तल, टावर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029

फा.सं. एनएचआईडीसीएल/2(23)/रिक्रूट ईडी (टी/पी)/2024/एचआर दिनांकः 10.08.2024

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन एक निगम के रूप में उत्तर–पूर्वी क्षेत्र और पड़ोसी देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से निर्माण/उन्नयन/चौड़ीकरण करने के लिए की गई है।

एनएचआईडीसीएल में निम्नलिखित पदों हेतु प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर ऐसे ऊर्जावान, प्रभावकारी और अनुभवी पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो केन्द्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सरकारी मंत्रालयों/विभागों, भारतीय थल सेना/नौसेना/वायुसेना, सीमा सड़क संगठन (जीआरईएफ) केन्द्र/राज्य के स्वायत्त निकायों, केन्द्र/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्य कर रहे हों :–

| क्र.सं. | पदों का नाम | रिक्तियों की संख्या* | सी डी ए पैटर्न में वेतन मैट्रिक्स स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालक निदेशक (तकनीकी/परियोजना) | 01* | वेतन मैट्रिक्स स्तर–14 (1,42,200–2,18,200 रुपये) |

***आवश्यकतानुसार, पदों की रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एनएचआईडीसीएल के पास यहां दर्शायी गयी तथा एनएचआईडीसीएल में 31.12.2024 तक भविष्य में होने वाली संभावित रिक्तियों के लिए चयनित अभ्यार्थियों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है।**

**आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथिः रोजगार–समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 04 (चार) सप्ताह। रोजगार–समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर प्रदर्शित की जाएगी।**

**पात्रता मानदंडों तथा विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए कृपया एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com को देखिए।**

**आवेदन–पत्र, केवल ऑन–लाइन तरीके से जमा किये जाएंगे, जिसके लिए एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर लिंक दिया गया है। किसी भी परिस्थिति में, व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या ई–मेल के माध्यम से भेजे गए किसी भी आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**नोट 1:** अभ्यर्थियों की आयु सहित पात्रता मानदंडों को तय करने की प्रभावी तिथि अभ्यावेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि अर्थात् रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 04 (चार) सप्ताह होगी।

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर आवेदन–पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी के लिए उचित माध्यम से भी अपना आवेदन–पत्र जमा करना आवश्यक होगा। पद के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध (शॉर्ट लिस्टेड) किये जाने के पश्चात् भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति तभी दी जाएगी, जब उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन के साथ उसके मूल संगठन से भेजी गयी गत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/वार्षिक कार्य–निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की प्रतियां, अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) और सतर्कता निर्बाधन प्रमाण–पत्र (वीसी) संलग्न होगा।

**नोट 3:** सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त अधिकारी जो विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों, वे भी संविदा आधार पर इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते, उन्होंने आवेदन प्रस्तुत करने की निर्णायक तिथि को 62 वर्ष की आयु पूरी न की हो।

**नोट 4:** इस रिक्त–पद संबंधी परिपत्र में कोई भी परिवर्तन अथवा संशोधन केवल एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**नोट 5:** अपूर्ण अथवा निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त किए गए आवेदन–पत्रों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**पदों के लिए पात्रता मानदंड एवं निबंधन और शर्तें:–**

(1) शैक्षिक अर्हताएं, पात्रता मानदंड और आवश्यक अनुभव के विवरण नीचे दिए गए हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षिक अर्हता | पात्रता मानदंड और आवश्यक अनुभव |
|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 |
| 1. | कार्यपालक निदेशक (तकनीकी/परियोजना) | आयु:– 56 वर्ष से अधिक न हो। **अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव:** (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री। और (ii) वेतन स्तर–10 (56,100–1,77,500 रुपये) (संशोधन–पूर्व के ग्रेड वेतन 5,400/– रुपये सहित 15,600–39,100/– रुपये का वेतन बैंड–3) या समकक्ष या उससे ऊपर 17 वर्ष की सेवा; जिसमें से राजमार्ग, सड़क, और पुलों से संबंधित अवसंरचना क्षेत्रों में 10 वर्ष का संचित अनुभव हो। | केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या भारत सरकार से संबद्ध मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध–सरकारी या सांविधिक या स्वायत संगठनों या सरकारी निकायों के अधिकारी:– (i) मूल काडर/विभाग में सीडीए पैटर्न में वेतन स्तर–14 [ग्रेड वेतन 10,000/– रुपये सहित पूर्व–संशोधित वेतन बैंड–04 (37,400–67,000/– रुपये)] में या आईडीए पैटर्न में समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर अनुरूप पद पर कार्यरत। या (ii) मूल काडर/विभाग में सीडीए पैटर्न में वेतन स्तर–13 [ग्रेड वेतन 8,700/– रुपये सहित, पूर्व–संशोधित वेतन बैंड–04 (37,400–67,000/– रुपये)] में या आईडीए पैटर्न में 03 वर्ष की नियमित सेवा। और निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता और अनुभव हो। |

(2) संविदा पर नियुक्ति का प्रारंभिक कार्यकाल दो वर्ष का होगा, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से 63 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा तक आगे बढ़ाया जा सकता है/कम भी किया जा सकता है।

(3) प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि तीन (03) वर्ष होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अनुमत सीमा तक बढ़ाया जा सकता है।

(4) प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए चुने गए अधिकारी/अधिकारियों के लिए निबंधन और शर्तें तथा वेतन/पारिश्रमिक समय–समय पर संशोधित, भारत सरकार/एनएचआईडीसीएल नीति के मौजूदा नियमों के अनुसार अभिशासित होंगे।

(5) संविदा के आधार पर चयन के मामले में, अधिकारियों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा:–

| पद के पदनाम | अंतिम आहरित वेतन में से पेंशन घटाकर प्राप्त राशि में महंगाई भत्ते की प्रचलित दर को जोड़कर | समेकित भत्ता (रूपये प्रति माह) | फील्ड भत्ता (रुपये प्रति माह) | प्रस्तावित किए जाने वाला कुल पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| | क | ख | ग | घ |
| कार्यपालक निदेशक | पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ)/अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र (एलपीसी) पर आधारित वास्तविक | 65,000 | 14,420 | क+ख+ग |

**नोटः** पारिश्रमिक, महंगाई भत्ते की प्रचलित दर में परिवर्तन के अध्यधीन होगा।

(6) 01 जुलाई को संविदा आधार पर कम से कम 6 महीने की सेवा पूरी होने पर एनएचआईडीसीएल में 01 जुलाई को आहरित वेतन के 5 प्रतिशत की वार्षिक वेतन–वृद्धि अगले सौ रुपये के पूर्णांक (राउंड ऑफ) में प्रदान की जाएगी, **बशर्ते इस प्रकार से बढाए गए वेतन और पेंशन को मिलाकर प्राप्त राशि संबंधित पद के वेतन स्तर के अधिकतम या 2,24000/– रुपये प्रतिमाह में से, जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होनी चाहिएं**

(7) सेवारत अधिकारियों के मामले में, उनका आवेदन–पत्र मूल कार्यालय/संगठन द्वारा उचित माध्यम से निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रेषित किया जाना चाहिए:–
   (i) आवेदित पद हेतु आवेदक की नियुक्ति के लिए मूल विभाग/मंत्रालय से अनापति प्रमाणपत्र।
   (ii) सतर्कता निर्बाधन, सत्यनिष्ठा प्रमाण–पत्र तथा अधिकारी पर विगत 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्तियां, यदि कोई हों, का विवरण। इसे प्राधिकृत अधिकारी अर्थात् कार्यालय प्रमुख द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित किया जाना चाहिए।
   (iii) आवेदक की पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/वार्षिक कार्य–निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की सत्यापित प्रतियाँ।

(8) संविदा के आधार पर पद के लिए आवेदन करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में, यदि पेंशन योग्य सेवा की है, तो पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) और पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/वार्षिक कार्य–निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) के संक्षिप्त विवरण को संलग्न/अपलोड किया जाना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(9) उन अधिकारियों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, जो प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर एनएचआईडीसीएल में सेवारत थे और पिछले दो वर्षों के दौरान एनएचआईडीसीएल में उनकी सेवा को समय–पूर्व समाप्त कर दिया गया या उन्होंने अपनी इच्छा से एनएचआईडीसीएल को छोड़ दिया।

(10) उन अभ्यर्थियों, जिन्हें गत दो वर्षों के दौरान प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन उन्होंने कार्यग्रहण नहीं किया, उनके आवेदन–पत्रों को अधिमान (प्रेफरेंस) प्रदान नहीं किया जाएगा।

(11) प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए चयनित अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) को एनएचआईडीसीएल में उनकी नियुक्ति की तारीख से 02 वर्ष की अवधि के अंदर संप्रत्यावर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(12) अपूर्ण आवेदनों या आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किए गए आवेदनों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(13) यदि अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो केवल उन अभ्यर्थियों के संबंध में चयन के लिए विचार किया जाएगा जो संबंधित क्षेत्र में अर्हता, अनुभव, कार्यकाल और सेवा के स्तर के आधार पर संक्षिप्त सूचीबद्ध (शॉर्ट लिस्टेड) होते हैं।

(14) ये पद पूरे भारत के लिए हैं। अतः केवल वही व्यक्ति आवेदन करें, जो भारत में कहीं भी, विशेषतया पूर्वोत्तर क्षेत्र, लेह/लद्दाख/जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, आदि में सेवा करने के इच्छुक हैं।

(15) सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए यह विज्ञापन वापस लिया जा सकता है।

(16) पात्र अभ्यर्थी, जो एनएचआईडीसीएल में कार्य करने के लिए इच्छुक हैं, एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट **www.nhidcl.com** पर उपलब्ध लिंक पर ऑनलाइन तरीके से अपने फोटो, हस्ताक्षर और पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्य–निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर)/ वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) के संक्षिप्त विवरण सहित अपने आवेदन, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 04 (चार) सप्ताह के भीतर जमा कर सकते हैं, उसके पश्चात् यह लिंक समाप्त हो जाएगा।

कर्नल विवेक जैन (सेवानिवृत्त)
उप–महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

**अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण**

CBC 37112/12/0004/2425